दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में नौकरियों और दाखिले में पैंसठ प्रतिशत जाति आधारित आरक्षण को रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार की ओर से दायर अपीलों पर नोटिस जारी किया है। इन पर सुनवाई सितंबर में की जाएगी। पटना उच्च न्यायालय ने पिछले महीने अपने आदेश में पिछड़ा वर्गो, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सरकारी नौकरियों और राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिले में आरक्षण पचास प्रतिशत से बढ़ा कर पैंसठ प्रतिशत करने की बिहार सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया था।

———————————————————————

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। श्री मांडविया ने लोकसभा में आज एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप के कारण देश में बेरोजगारी दर कम होकर तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में बेरोजगारी दर 3 प्रतिशत से भी नीचे आ जाएगी। श्री मांडविया ने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री के पैकेज से पांच साल की अवधि में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार और कौशल के अवसर प्रदान होंगे। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस के बाद नई दिल्ली में कल आयोजित हो रहे एक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इसका विषय है– जर्नी टुवाड्र्स विकसित भारत। सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ कर रहा है और इसका उद्देश्य विकास के लिए सरकार के दृष्टिकोण और इस दिशा में उद्योग की भूमिका की रूपरेखा प्रस्तुत करना है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने आज बिहार भाजपा के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इससे पहले दिल्ली से पटना पहुँचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

————————————————————————

पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल अंतर्गत समस्तीपुर के खुदीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन के पास आज दरभंगा से नई दिल्ली जा रही बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के सभी डिब्बे चलती ट्रेन के इंजन से अलग हो गए। हालांकि रफ्तार अधिक नही होने के कारण भीषण ट्रेन हादसा होने से बच गया। रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर इंजन से अलग हुए डिब्बें को जोड़ा। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हुई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं। इधर, रेलवे ने दरभंगा फारबिसगंज रेलखंड के कोसी रेलपुल पर आज विद्युत इंजन परिचालन का सफल परीक्षण किया।

————————————————————————

आज सावन की दूसरी सोमवारी है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विभिन्न मंदिरों में अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं, कैमूर के माँ मुंडेश्वरी मंदिर, बक्सर के बाबा ब्रमेश्वरनाथ और सीतामढ़ी के हलेश्वर स्थान में भक्त जलाभिषेक कर रहे है। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

————————————————————————

समाप्त